Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the Sahara India issue

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद । महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के नॉन पैरा बैंकिंग के रूप में सहारा इंडिया नाम की संस्था की तरफ दिलाना चाहता हूं कि सहारा इंडिया के एजेंटों ने जो भी पैसे जमा कराए हैं, उनका भुगतान, समय पूरा हो जाने के बाद भी नहीं किया जा रहा है । लोग अपने पैसों के लिए आज सहारा इंडिया बैंक एवं सहारा एजेंट्स के चक्कर लगा रहे हैं । किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्य वर्गीय परिवार के लोग अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई को ऐसी स्कीमों में इसलिए लगाते हैं, ताकि उनकी बेटी की शादी और उनके बच्चों की पढ़ाई सही ढंग से हो सके ।

समय बीत जाने के बाद भी भुगतान न होने के कारण मेरे क्षेत्र व उत्तर प्रदेश की जनता बहुत परेशान है ।

महोदय, आपके माध्यम से मेरी वित्त मंत्रालय से यह मांग है कि जनहित में इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई करने की कृपा करें, जिससे पीड़ित लोगों का भुगतान अतिशीघ्र हो सके । धन्यवाद ।